रोजमर्रा में प्रयोग होने वाले अंग्रेजी वाक्यों का सामान्य एवं सरल भाषा में अनुवाद

S. No.	Words in English	Meaning in Hindi	Usages in English	Usages in Hindi
1	Account	खाता	Please open a Current Account.	कृपया चालू खाता खोलें।
2	Advance	अग्रिम	Advance can be granted.	अग्रिम दिया जा सकता है।
3	Amount	राशि	Amount will be credited to the account.	राशि आपके खाते में जमा कर दी जाएगी।
4	Annual	वार्षिक	Annual meeting will be held in June.	वार्षिक बैठक जून माह में रखी जाएगी।
5	Assets	आस्तियाँ	The company has four main assets.	कंपनी की चार मुख्य आस्तियाँ हैं।
6	ATR	अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट	Please refer our e-mail dated___ on the above subject. In this regard, please send us the ATR immediately.	कृपया उपर्युक्त विषय पर दिनांक___ की हमारी मेल का संदर्भ लें। इस संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) तत्काल भेजें।
7	Audit	लेखा-परीक्षा	The branch is due for audit.	शाखा की लेखा-परीक्षा होने वाली है।
8	Balance	शेष	Minimum balance must be maintained.	न्यूनतम शेष अवश्य रखा जाए।
9	Bankrupt	दिवालिया	The company has gone bankrupt.	कंपनी दिवालिया हो गई है।
10	Bearer	वाहक	Bearer of the cheque will get the payment.	चेक का भुगतान वाहक को किया जाएगा।
11	Capital	पूँजी	Businesses need capital to set up.	व्यवसाय शुरू करने में पूँजी की जरूरत होती है।
12	Cash	नकद	Are you paying in cash or by cheque?	आप नकद भुगतान करेंगे या चेक देंगे?
13	Claim	दावा	Claim must be lodged in 30 days.	दावा 30 दिन में अवश्य दाखिल कर दिया जाए।
14	Consumer	उपभोक्ता	Our offers for consumers…	उपभोक्ताओं के लिए हमारी पेशकश…
15	Contract	संविदा	This contract will be terminated soon.	यह संविदा शीघ्र समाप्त हो जाएगी।
16	Credit	जमा	It may take three days to effect the credit.	राशि जमा होने में तीन दिन लग सकते हैं।
17	Debit	नामे	Total of debit and credit sides must tally.	नामे और जमा पक्ष का मिलान होना ही चाहिए।
18	Debtor	देनदार	Serve a notice to the debtor.	देनदार को नोटिस दिया जाए।
19	Denomination	मूल्यवर्ग	In what denomination do you want payment?	आपको किस मूल्यवर्ग के नोट चाहिए?
20	Depreciation	मूल्यह्रास	Total profit after depreciation is Rs.10 lacs.	मूल्यह्रास के बाद 10 लाख रुपये का लाभ हुआ है
21	Dividend	लाभांश	Chose a company that is paying dividend.	लाभांश देने वाली कंपनी चुनिए।

22	Document	दस्तावेज	List of KYC documents is enclosed.	केवाईसी दस्तावेजों की सूची संलग्न है।
23	Dormant	निष्क्रिय	Your account has become dormant.	आपका खाता निष्क्रिय हो गया है।
24	Drawee	अदाकर्ता	Who is the drawee bank?	आदाता बैंक कौन है?
25	Drawer	चेक काटने वाला	Cheque must be signed by the drawer.	चेक पर आहर्ता के हस्ताक्षर तो होने ही चाहिए।
26	Hypothecation	दृष्टिबंधक	Asset is hypothecated to SBI.	यह आस्ति भारतीय स्टेट बैंक को दृष्टिबंधक है।
27	Indemnity	क्षतिपूर्ति	Please sign the indemnity bond.	कृपया क्षतिपूर्ति पत्र पर हस्ताक्षर करें।
28	Inoperative	अपरिचालित	Inoperative accounts need special care.	अपरिचालित खातों का विशेष ध्यान रखना होता है
29	Insolvency	दिवालियापन	Insolvency process has been initiated.	दिवालियापन संबंधी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।
30	Instalment	किश्त	Loan can be repaid in easy instalments.	ऋण आसान किश्तों में चुकाया जा सकता है।
31	Instrument	लिखत	Instrument must bear a proper date.	लिखत पर ठीक तारीख लिखी होनी चाहिए।
32	Interest	ब्याज	Interest is applied quarterly.	ब्याज हर तीन माह में लगाया जाता है।
33	Letter of Credit	साखपत्र	Letter of credit is a non-fund based facility.	साखपत्र निधिरहित सुविधा है।
34	Lien	लियन	Lien has been noted.	लियन नोट कर लिया गया है।
35	Merger	विलय	Merger will be effective from 1st April.	विलय 1 अप्रैल से होगा।
36	Mortgage	बंधक	House property has been mortgaged.	मकान बंधक रखा गया है।
37	Nomination	नामांकन	Nomination facility is available for all deposit accounts	नामांकन सुविधा सभी जमा खातों के लिए उपलब्ध है।
38	Outstanding	बकाया	Outstanding amount must be paid at once.	बकाया राशि का भुगतान तत्काल किया जाए।
39	Overwriting	उपरिलेखन	Overwriting on cheques is not permitted.	चेक पर उपरिलेखन नहीं किया जा सकता।
40	Payee	आदाता (पाने वाला)	Payee’s name is not clear.	आदाता (पाने वाले) का नाम स्पष्ट नहीं है।
41	Rate	दर	Change in rate of interest will be notified.	ब्याज दर में परिवर्तन की सूचना दी जाएगी।
42	Recovery	वसूली	A recovery drive is going on.	वसूली अभियान चलाया जा रहा है।
43	Renewal	नवीकरण	Your term deposit receipt is due for renewal.	आपकी सावधि जमा के नवीकरण का समय हो गया है।
44	Repayment	चुकौती	Please diarise the repayment	कृपया चुकौती की तारीखें नोट कर लें।

			schedule.	
45	Security	प्रतिभूति	Loan can be given against proper security.	समुचित प्रतिभूति पर ऋण दिया जा सकता है।
46	Settlement	निपटान	Please call the borrower for one-time settlement	एकबारगी निपटान के लिए ऋणी को बुलाएँ।
47	Survivor	उत्तरजीवी	Amount will be paid to the survivor.	राशि का भुगतान उत्तरजीवी को किया जाएगा।
48	Suspense	उचंत	Fund is lying in suspense account.	पैसा उचंत खाते में पड़ा हुआ है।
49	Underwriting	हामीदारी	SBI is ready for underwriting.	भारतीय स्टेट बैंक हामीदारी के लिए तैयार है।
50	Withdrawal	आहरण (पैसा निकालना)	Withdrawal is permitted twice in a month.	माह में दो बार आहरण किया जा सकता है।
51	Write off	बट्टे खाते डालना	Last course of action is write off.	अंतिम उपाय है बट्टे खाते डालना ।
52	Consolidated position	समेकित स्थिति	As the CMC will review the position tomorrow at 10.30 a.m., so we request you to look in to the matter personally and arrange to provide us the same today by 4.00 p.m. to enable us to put up the consolidated position to the CMC.	--------कल प्रात: 10.30 बजे सीएमसी द्वारा स्थिति की समीक्षा की जाएगी, अत: आपसे अनुरोध है कि आप व्यक्तिगत रूप से इस मामले को देखें। आज शाम 4.00 बजे तक यह सूचना हमें उपलब्ध करवाने की व्यवस्था भी करें। सीएमसी को हम तभी समेकित स्थिति प्रस्तुत कर सकेंगे।
53	forward	अग्रेषण	We forward herewith a copy of letter No. ___ dated___ on the captioned subject/ received from LHO/CC for your information and necessary action/the contents of which are self-explicit.	शीर्षांकित विषय पर हम स्थानीय प्रधान कार्यालय/कॉरपोरेट केन्द्र से प्राप्त दिनांक___ के पत्र क्र. ___ की कॉपी आपकी सूचना तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रेषित कर रहे हैं। इसकी विषय-वस्तु स्वत: स्पष्ट है।
54	Matter of concern	चिंता का विषय	It is a matter of concern that despite repeated reminders over phone/through e-mails, the requisite information is still pending.	यह गंभीर चिंता का विषय है कि फोन पर/ई-मेल से बार-बार अनुस्मारक देने के बावजूद वांछित सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।
55	Necessary action	आवश्यक कार्रवाई	Kindly refer your e-mail dated___ on the captioned subject. In this regard, we inform that necessary action has been taken/correction has been done.	कृपया शीर्षांकित विषय पर दिनांक___ की अपनी इ-मेल का संदर्भ लें। इस संबंध में सूचित किया जाता है कि आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है/आवश्यक संशोधन कर लिया गया है।
56	Present status	वर्तमान स्थिति	Please refer or We invite a reference to our e-mail/letter dated___ on the	कृपया शीर्षांकित विषय पर दिनांक___ की हमारी ई-

			captioned subject and request you to advise us the present status.	मेल/हमारे पत्र का संदर्भ लें तथा इस संबंध में वर्तमान स्थिति से अवगत करवाएं।
57	Requisite information	वांछित सूचना	Please refer our message dated___ and arrange to provide the requisite information well in time/ today itself by 2.30 p.m.	कृपया दिनांक___के हमारे संदेश का संदर्भ लें तथा वांछित सूचना यथासमय/आज अपराह्न 2.30 बजे तक उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करें।
58	ready reference	सुलभ संदर्भ	Please refer our e-mail dated___. We are sending the requisite format again for your ready reference and request you to send us the data.	कृपया उपर्युक्त विषय पर दिनांक___ की हमारी ई-मेल का संदर्भ लें। हम आपके सुलभ संदर्भ के लिए वांछित फॉर्मेट पुन: भेज रहे हैं। आपसे अनुरोध है कि हमें डेटा भेज दें।
59	Telephonic discussion	टेलिफोन पर चर्चा	Please refer our telephonic discussion and arrange to send us the latest status on the format attached.	कृपया फोन पर हुई चर्चा का संदर्भ लें तथा संलग्न फॉर्मेट पर नवीनतम स्थिति से अवगत कराने भेजने की व्यवस्था करें।
60	Under consideration	विचाराधीन	Please refer your e-mail dated___ on the captioned subject. In this regard, we inform that the matter is still under consideration of the appropriate/competent authority.	शीर्षांकित विषय पर कृपया दिनांक___ की अपनी ई-मेल का संदर्भ लें। इस संबंध में सूचित किया जाता है कि मामला अभी भी उचित/सक्षम प्राधिकारी के पास विचाराधीन है।
61	Noted with concern	गंभीर चिंता का विषय	The CMC has remarked that they have noted the issue with concern.	मंडल प्रबंधन समिति ने टिप्पणी की है कि उन्होंने मामले को गंभीर चिंता के विषय के रूप में लिया है।
62	IOT (Internet of Things)	आईओटी	The internet of things, or IoT, is a system of inter related computing devices has ability to transfer data over a network without requiring human-to-human or human-to-computer interaction.	आईओटी कंप्यूटिंग उपकरणों की एक प्रणाली है जो मानव से मानव या मानव से कंप्यूटर के संपर्क के बगैर एक नेटवर्क पर डेटा हस्तांतरण करने की क्षमता रखती है।
63	YONO	योनो	YONO is most popular banking app among customers.	योनो ग्राहकों के बीच सबसे लोकप्रिय बैंकिंग ऐप है।
64	Floating Rate		There would be a need to have floating rates on bank deposits.	बैंक जमा राशियों पर अस्थायी दरें रखनी होंगी।
65	Repo Rate	रेपो दर	Bank had linked the home loan to the repo rate.	बैंक ने गृह ऋण को रेपो दर से लिंक कर दिया।
66	Operational Creditor	परिचालन ऋणदाता	The National Company Law Appellate Tribunal (NCALT) on Monday ruled against operational creditor.	नेशनल कंपनी लॉ अपीलीय ट्रिब्यूनल (एनसीएएलटी) ने सोमवार को परिचालन ऋणदाता के खिलाफ फैसला सुनाया।

67	Compliance	अनुपालन	Operating units to note the above instructions for meticulous compliance.	परिचालन इकाइयां सख्ती से अनुपालन हेतु उपर्युक्त अनुदेशों को नोट करें।
68	Operating Units	व्यवसाय इकाइयां	Operating units to ensure recovery of GST as per the applicable rates.	व्यवसाय इकाइयां सुनिश्चित करें कि लागू दरों पर जीएसटी वसूल की जाती है।
69	Contents		Please bring the contents of this circular to the notice of all concerned staff and ensure for meticulous compliance.	कृपया इस परिपत्र की जानकारी को सभी संबंधित स्टाफ को दें और इनका दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करें।
70	Highlights	मुख्य विशेषताएं	Highlights of major changes in the proposed policy are given below.	प्रस्तावित नीति के प्रमुख परिवर्तनों की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं।
71	Arrangement letter	व्यवस्था पत्र	Arrangement letter is one of the documents to be submitted at the time of taking loan.	व्यवस्था पत्र ऋण लेते समय प्रस्तुत किया जाने वाला एक दस्तावेज होता है।
72	Online transaction	ऑनलाइन लेनदेन	Adequate safety measures should be taken while doing online transactions.	ऑनलाइन लेन-देन करते समय पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।
73	Professional ethics and standards	व्यवसाय नीतियाँ एवं मानदंड	The IS Auditor should adhere to professional ethics and standards and applicable to their professional certification.	आईएस ऑडिटर को व्यवसाय नीतियों एवं मानदंडों का पालन करना चाहिए जो उनके पेशेवर प्रमाणन पर लागू होते हैं।
74	Fast shifting trends	शीघ्र बदलती प्रवृत्तियाँ	Fast shifting trends in technologies make it likely that security issues of the IT infrastructure will only intensify in the coming year.	प्रौद्योगिकी में शीघ्र बदलती प्रवृत्तियों से यह संभावना है कि आने वाले वर्षों में आईटी बुनियादी ढांचे के सुरक्षा से जुड़े मामलों में तेजी आएगी।
75	Average Ticket size of advance	अग्रिम की औसत मात्रा	The average ticket size of advance will be more than the amount to be sanctioned by the Bank.	यह ऋण की औसत मात्रा होती है जो बैंक द्वारा संस्वीकृत किए जाने वाले ऋण की राशि से अधिक होती है।
76	Financial Stability	वित्तीय स्थिरता	Banks will continue to do all that is required to maintain financial stability in the system.	बैंक प्रणाली में वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कार्य करते रहेंगे।
77	Banking Regulator	बैंकिंग नियामक	The government and the banking regulator have done all they could to ease the flow of credit to non-banking financial companies (NBFCs)	सरकार और बैंकिंग नियामक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को निरंतर ऋण देते रहने के लिए हर तरह का काम किया है।
78	NBFC sector	एनबीएफसी	There is a web of inter-linkages of the NBFC	बैंकिंग क्षेत्र, पूंजी बाजार और अन्य वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं

		सेक्टर	sector with the banking sector, capital market and other financial sector entities.	के साथ एनबीएफसी क्षेत्र का गहरा अंतर-संबंध है।
79	Sanction	संस्वीकृति	Banks will soon move to sanctioning retail loans through portal.	बैंक जल्द ही पोर्टल के माध्यम से खुदरा ऋण संस्वीकृति देना शुरु करेंगे।
80	Platform	प्लेटफार्म	This platform will be used for sanctioning loans.	इसी प्लेटफार्म का उपयोग ऋण स्वीकृत करने के लिए किया जाएगा।
81	Accountability	जवाबदेही	There is no accountability as far as amount sanction is concerned.	जहां तक राशि की मंजूरी का संबंध है, कोई जवाबदेही नहीं होगी।
82	Digital Player	डिजिटल प्लेयर	Digital players are now entering this space to deliver financial services by way of innovative methods involving digital platform.	डिजिटल प्लेयरों ने अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के अभिनव तरीकों से वित्तीय सेवाएं प्रदान करने का कार्य भी शुरु कर दिया है।
83	Accrued Interest	उपचयित ब्याज	Interest has been accrued on loan.	ऋण पर ब्याज उपचयित हो गया है।
84	Bad debts	अशोध्य कर्ज	Bank' net profit has come down because of bad debt.	अशोध्य कर्ज के कारण बैंक का निवल लाभ घट गया है।
85	Cash Flow	नकदी प्रवाह	Cash flow statement indicates the source of income.	नकद प्रवाह विवरण से आय स्रोत की जानकारी मिलती है।
86	Guarantor	गारंटीकर्ता	Guarantor's signature is obtained in loan application form.	ऋण के आवेदन फार्म में गारंटीकर्ता का हस्ताक्षर लिया जाता है।
87	Financial Inclusion	वित्तीय समावेशन	Nowadays, government is giving more importance to financial inclusion.	आजकल सरकार वित्तीय समावेशन पर ज्यादा जोर दे रही है।
88	Liquidity	लिक्विडिटी	NBFC companies are facing liquidity crunch.	एनबीएफसी लिक्विडिटी समस्या का सामना कर रहे हैं।
89	Reconciliation	समाधान	Reconciliation is an integral part of banking.	समाधान बैंकिंग प्रक्रिया का अभिन्न अंग है।
90	Customer Service	ग्राहक सेवा	Good customer service is the key to acquire more business for any organization.	बेहतर ग्राहक सेवा ही किसी भी संस्था के लिए अपना व्यापार बढ़ाने की कुंजी है।
91	Associate	सहयोगी	Please contact the customer associate.	कृपया ग्राहक सहयोगी से मिल लें।
92	Endorsement		Endorsement on the cheque is not in order.	चेक पर पृष्ठांकन ठीक से नहीं किया गया है।
93	Competition	प्रतिस्पर्धा	Competition is intensifying day by day.	दिन-ब-दिन प्रतिस्पर्धा कड़ी होती जा रही है।
94	Appraisal	मूल्यांकन	An appraisal system has been introduced.	मूल्यांकन प्रणाली प्रारंभ की गई है।
95	Ratification	अनुसमर्थन	Ratification of the proposal is required.	प्रस्ताव का अनुसमर्थन आवश्यक है।
96	Jurisdiction	क्षेत्राधिकार	Jurisdiction is whole of Andhra Pradesh.	क्षेत्राधिकार संपूर्ण आंध्रप्रदेश है।
97	Cosolidation	समेकन	Consolidation is done at LHO level.	समेकन स्थानीय प्रधान कार्यालय के स्तर पर किया जाता है।
98	Liquidation	परिसमापन	Process of liquidation is going on.	परिसमापन प्रक्रिया जारी है।

99	Human Resource	मानव संसाधन	Human Resource is the most important pillar of an institution.	मानव संसाधन संस्था का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है।
100	Achievements	उपलब्धियां	Banks highlight their achievements in their annual report.	बैंक अपनी उपलब्धियों को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित करते हैं।